।। ओ३म् ।।

प्रभु से विनय

हे विष्णु! आप मधु हैं! आपका बनाया हुआ संसार भी मधु है। रहे हम प्राणी, जो जीव भाव बने बैठे हैं, हमारे हृदयों में नाना त्रुटियाँ हैं, नाना चिन्ताएँ हैं। हे विधाता! आप तो विष्णु हैं, शेषनाग पर शयन करने वाले हैं। हे भगवन्! हमारा वह कौन सा काल आयेगा जब हम भी शेषनाग की शैय्या पर शयन करने वाले बनेंगे। हम मानव तो अवश्य हैं परन्तु इतने अभागे नहीं हैं, यदि अभागे होते तो आपके नियम के अनुकूल हमें यह मानव योनि ही प्राप्त न होती।

भगवन्! हमारा हृदय तो चाहता है कि हम शान्तिदायक बन जायें, शेषनाग पर स्थित हो जायें, इससे भी ऊँचा स्थान हो जाये, परन्तु क्या करें, यह स्थिति तो उसी काल में आयेगी जब विधाता! आपके बनाये हुए सर्वज्ञ पदार्थ, ये पञ्च भौतिक तन्मात्राएँ हमारे शरीर में शान्तिदायक बन करके कार्य करेंगी, परन्तु क्या करें इतने महान् दुर्भागी बने बैठे हैं। विधाता! इसमें आपका तो कोई दोष नहीं, हमारे कर्मों का ही दोष है जो आपके आँगन में नहीं आ रहे हैं। अभागे इसलिए हैं कि आपके नियन्त्रण में कार्य नहीं करते। हे विधाता! जब तक आपकी करूणा न होगी, दया न होगी तब तक हम कदापि भी आपके आँगन में न आ सकेंगे! हे विधाता! हमारे हृदय में शान्ति उत्पन्न करो, आज हम नास्तिक बनते जा रहे हैं, हे विधाता! हमें नास्तिक से आस्तिक बनाओ।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अँक : 518	कुल पृष्ठ संख्या	समग्र अँक : 593
वर्ष : 44	44	समग्र वर्ष : 50

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय		पृष्ठ संख्या
1.	प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2.	अनुक्रम		4
3.	मोक्ष	पूज्यपाद-गुरुदेव	5-18
4.	मृत्यु और जीवन	पूज्यपाद-गुरुदेव	19-35
5.	ऋषियों के उद्गार		36
6.	दान, पुस्तकों की सूची, प्राप्ति के स्थान व सूचना आदि		37-42

अथर्ववेद ब्रह्म पारायण याग

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से पूज्यपाद-गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज की सद्प्रेरणा एवम् आशीर्वाद से वैदिक अनुसन्धान समिति द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अथर्ववेद ब्रह्म पारायण याग का आयोजन आर्य समाज मालवीय नगर नई दिल्ली के प्रांगण में दिनाँक 11 दिसम्बर, 2015 से 13 दिसम्बर, 2015 तक बड़े हर्ष एवम् उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सभी अपने सम्बन्धियों, मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.)

सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ

।। ओ म् ।।

मोक्ष

जीते रहो !

देखो मुनिवरो ! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद-मन्त्रों का गुण-गान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा कि आज हमने पूर्व से जिन वेद-मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परा से ही उस मनोहर वेद-वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्रा वेद वाणी में उस परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान का प्रायः वर्णन किया जाता है। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा ज्ञान और विज्ञान में सदैव प्रतिष्ठित रहता है। जब मानव विज्ञान के युग में प्रवे ा करता है तो वह उस प्रभु की कला औति का विचार-विनिमय प्रारम्भ करने लगता है। वैदिक साहित्य में परमपिता परमात्मा को **वि वकर्मा** कहा है। उसकी रचना मानव को द ष्टिपात आने लगती है। क्योंकि मानव के अन्तःकरण में ही नाना सँस्कार विराजमान हैं और उसी आधार पर यह मानव नाना रूपों में द ष्टिपात करता है। उस परमपिता परमात्मा को वैदिक साहित्य में कहीं **वसुन्धरा** कहा है क्योंकि मानव इसी में व ाभूत रहता है। नाना प्रकार की आभा को प्राप्त करता हुआ, उसी के अन्तर्गत उसके गर्भ में परणित होता रहता है। क्योंकि यदि उसकी मूल चेतना समाप्त हो जाए तो मानव, मानव नहीं रहेगा, यह सँसार, सँसार नहीं रह पाता। ऐसा अनुपम जगत है कि उस अनुपम जगत के लिये मानव अपने जीवन को बहुत ऊर्ध्व में ले जाना चाहता है। वह ऊ र्वत्व को प्राप्त नहीं हो पाता। परन्तु जब हम गम्भीरता से विचार-विनिमय प्रारम्भ करते हैं तो वह देव भी वसुन्धरा बन करके इस सँसार को धारण कर रहा है।

हे प्रभु ! तू कैसा वि वकर्मा है? आपकी कैसी अनुपमता है? मानव जब तेरे विषय में विचारने लगता है तो मौन हो जाता है, दा ानिक मुग्ध ा हो जाता है, वैज्ञानिक परमाणुओं में ओत-प्रोत हो करके वह मौन हो जाता है। हे देव! तू कैसा विचित्रा है, तेरी कैसी विचित्रा रचना है जो मानव

जान नहीं पाता। जब मानव तेरे व ाभूत, तेरी महती में परणित हो जाता है वह सँसार को आभा में इसको उच्चारण करने में असमर्थ हो जाता है। मेरे प्यारे ! राज ऋषियों ने नाना प्रकार की वार्ताएँ प्रकट की हैं, नाना प्रकार का अनुसं ाान किया।

आज मैं तुम्हें नाना ऋषियों की विज्ञान ाला में अथवा नाना दा ानिकों में तुम्हें ले जाना चाहूँगा। जहाँ मानव नाना प्रकार का विचार-विनिमय करता रहा है। नाना प्रकार की अनुसंधान ालाएँ, नाना प्रकार की विज्ञान ालाएँ, ालाओं में रमण करने वाला प्राणी अपने को ऊर्ध्व में ले जाना चाहता है। परन्तु हमने इससे पूर्व काल में प्रकट करते हुए कहा कि यह जो परमात्मा का अनुपम क्षेत्रा है इसमें नाना प्रकार की उड़ान उड़ी जाती है। नाना प्रकार के उड़ान उड़ने वाले हुए हैं जिनकी उड़ान बहुत ही विचित्रा रही है। मुझे वह काल स्मरण आता रहता है जिस काल में महर्षि भ गु जी साम-गान गाते रहते थे। ऋग् का साम से मिलान करते रहते थे। ऋग् का साम से मिलाप होता है तो मानव के जीवन की सन्धि ापात हो जाती है। जैसे रात्रि और दिवस दोनों के मिलान का नाम सन्धि ा कहा जाता है। जिस प्रकार वही सन्धि जब साम-गान गाता है, सामवेद का मिलान कर लेता है जैसे मानव वेद के मन्त्रा का उच्चारण करता है, इस वेद का ज्ञाता है।

ओ३म् रूपी सूत्रा

ओम् प्रथम आता है। यह जो ओ३म् है यह कैसा अनुपम है? जैसे माला में ागा होता है अथवा सूत्रा होता है इस सूत्रा में प्रत्येक मनका पिरोया हुआ है, मनके पिरोने के प चात् यह माला बन जाती है। इसी प्रकार प्रत्येक वेद की ऋचा उस ओम् रूपी धागे में पिरोई हुई है। यदि हम ओम् रूपी धागे को वेद की ऋचा में से प्रथक कर देते हैं तो उसका जो विज्ञान है वह एक सूत्रा में नहीं रह सकता। मुनिवरो ! विज्ञान को भी सूत्रा में लाना है और विज्ञान का सूत्रा क्या है? मैंने बहुत पुरातन काल में वाक्य प्रकट करते हुए कहा था कि यह जो 'ओम् ' रूपी धागा है, सूत्रा है इसमें प्रत्येक वेद की ऋचा पिरोई हुई है।

वेद-मन्त्रा के दो अर्थ

एक वेद का मन्त्रा है उसका दो प्रकार का अर्थ माना जाता हैएक को हमारे यहाँ रूढ़ि कहते हैं और द्वितीय को यौगिक कहते हैं। रूढ़ि उसे कहते हैं जिसमें मानवीय साधारण पद्धति होता है। मानव का विचार, मानव का रहन-सहन, मानव की प्रतिभा उसको रूढ़ि कहते हैं। वेद से उसका सम्बन्ध रहता है। परन्तु यौगिक उसे कहा जाता है जहाँ प्राणत्व की क्रिया क्या है? मनस्ताव की क्या है? यह मन क्या कार्य करता है? और प्राण क्या कार्य करता है? मेरे प्यारे! प्राण चित्रा बन जाता है। जैसे रूढ़ि में 'ओ३म् ' को हम एक चित्रा बना लेते हैं, जब यौगिक क्षेत्रा में जाएँगे तो प्राण को मानो उसी प्रकार का सूत्रा स्वीकार कर लेंगे।

मनस्तव

यह जो मनस्ताव है जिसको मन कहते हैं यह मन कैसा विचित्रा है कि सँसार का विभाजन करता रहता है। जितना भी विभाजनवाद तुम्हें द ष्टिपात हो रहा है, यह लोक-लोकान्तरों के रूप में क्यों न हो, प थ्वी के गर्भ में रसों के रूप में क्यों न हो, माता के गर्भ-स्थल में बेटा ! पुत्रा पुत्राी के रूप में क्यों न हो, यह विभाजन मनस्ताव किया करता है। इसको मन ही कहा जाता है। प्राण के द्वारा इसका विभाजन होता रहता है। प्राण नाना रूपों में विराजमान रहता है।

प्राण के स्वरूप

मैंने बहुत पुरातन काल में ऋषि-मुनियों की सभा में इन वाक्यों को स्मरण किया था। एक समय महर्षि सोमभानु मुनि महाराज के यहाँ एक दा ानिकों का एक समूह विराजमान था। उन ब्रह्मवेत्ताओं में यह चर्चा होने लगी थी कि मोक्ष किसे कहा जाता है? हम मोक्ष को जानना चाहते हैं। **महर्षि भ गु** ने इस सम्बन्ध में नाना प्रकार की अपनी चर्चाएँ प्रकट की। परन्तु उन्होंने मोक्ष का जो मूल कारण माना है वह मनस्ताव और प्राणत्ताव को एक सूत्रा में लाने का माना है। अब ये सूत्रा में कैसे आएँगे। **''मन और प्राण को एक सूत्रा में लाने का नाम मोक्ष कहा जाता है।''**

आज मैं इन विचारों को गम्भीर नहीं बनाऊँगा। यह गम्भीर विचार बनता चला जा रहा है। क्योंकि वेद का ऋषि ऐसी ही आज्ञा दे रहा है।

वेद का मन्त्रा आ रहा है ''प्राणत्व मनस्ताव इन्द्रताः मे ा ऋषितम् मेघाम् मोह रति वेदा।'' मेरे प्यारे! मानव का सबसे प्रथम विभाजन होता है। सबसे प्रथम इसका विभाजन **जब यह मानव इस सँसार में आता है तो नाना प्रकार की इन्द्रियों के द्वारा इसका विभाजन हो जाना प्रारम्भ हो जाता है।** उस प्राण से मानो मनस्ताव और प्राणत्ताव दोनों प थक हो जाते हैं। जब यह प थक होते हैं तो प्राण का विभाजन होना प्रारम्भ हो जाता है। प्राण इस ारीर में पाँच रूपों में विराजमान होता है। (१) प्राण, (२) अपान, (३) उदान, (४) समान और (५) व्यान-ये पाँच प्राण कहलाए जाते हैं। ये पाँच प्राण इस मानव ारीर में अपना कार्य करने लगते हैं। क्योंकि **जो मन है यह ज्ञान का माध्यम है, ज्ञान का प्रतिनिधि माना गया है।** ज्ञान के माध्यम से इस मन को सर्वत्रा कार्य प्रदान कर देता है। (१) **प्राण** नाभि केन्द्र से चलता है, यह नाना प्रकार की ज्ञान वाहक नाड़ियों में से रमण करता हुआ बाह्य-जगत में चला जाता है और बाह्य-जगत में करोड़ों खरबों परमाणु ले करके आन्तरिक-जगत में आ जाता है, यह तो प्राण का कार्य है।

मेरे पुत्रों ! (२) **अपान** है नाभि केन्द्र से निचले विभाग में अपान माना गया है। यह जो अपान है इसमें गुरुत्व है, इसमें आकर्षण ाक्ति है। वेद का ऋषि तो यह कहता है कि यदि इस प थ्वी में अपान ाक्ति नहीं होगी तो सर्व प थ्वियाँ सूर्य की किरणों के साथ सूर्य में आकर्षित हो जाएँगी। परन्तु यहाँ वेद का ऋषि कहता है, वैज्ञानिक रूपों से वर्णन करता हुआ कहता है कि इसमें गुरुत्व है। इसमें आकर्षण ाक्ति है और देखो आकर्षण ाक्ति अपान से मानी जाती है : अपान ही है जो मानव को दूर ले जाता है। मानव को गमन कराता है, अपान ही है जो मानव के जीवन की सुरक्षा कर रहा है। यह (१) मन, (२) बुद्धि, (३) चित्ता और (४) अहँकार जो अपने कारण में लय हो जाते हैं परन्तु प्राण ही जागरूक रहता है। एक अपान अपना कार्य कर रहा है। प्राण अपना कार्य कर रहा है। वहाँ मनस्ताव भी नहीं रहता। परन्तु 'आत्मा रहि अस्ताः।' मैंने इससे पूर्व काल में निर्णय देते हुए कहा कि आत्मा का इसके साथ सन्निधान रहता है, सन्निधान मात्रा से ही यह अपनी गति करता रहता है।

(१) प्राण, (२) अपान और (३) व्यान (४) उदान मानव के कँठ में रहता है। (३) **व्यान हम किसे कहते हैं?** हमारे इस मानव ारीर में ७२ करोड़ ७२ लाख १० हजार दो सौ दो नाड़ियाँ गिनी जाती हैं। वह जो (१) व्यान प्राण गति कर रहा है प्रत्येक नस नाड़ी में वह इनको ाक्ति प्रदान कर रहा है। उसको सँचालित कर रहा है, उनमें एक आभा उत्पन्न हो रही है। मेरे पुत्रों ! उस के प चात् (४) **समान** आता है, समान जितना भी रस बनाता है हमारे इस मानव ारीर में जठाराग्नि के उस रस को ले करके यह सर्व रस नाड़ियों में प्रदान कर देता है। सब नस नाड़ियों में प्रभा से गति होने लगती है, जहाँ जिसका योग होता है वहीं वह प्राप्त हो जाता है। इसके प चात् (५) **उदान** आता है। उदान का जो सम्बन्ध ा है वह कँठ से रहता है। जिस समय मानव इस ारीर को त्यागता है तो उदान के साथ में। उदान का सम्बन्ा मानो चित्ता से होता है जिसे हम अन्तःकरण कहते हैं। जिस अन्तःकरण में करोड़ों जन्मों के सँस्कार निहित होते हैं-इसका नाम अन्तःकरण माना गया है। वह चित्ता मिलान करता है प्राण से और इन दोनों का मिलान होता है आत्मा से, ये तीनों संगठित हो करके इस ारीर को त्याग देते हैं। जैसे उसी काल में सूक्ष्म ारीर होता है-सूक्ष्म ारीर को ले करके उदान प्राण इस ारीर को त्याग देता है। जब यह त्याग देता है तो इसके साथ में मानो एक धारा होती है। मानव को विचारना है कि जिस समय इस ारीर को त्यागा जाता है तो जितने विचार होते हैं अथवा मनस्ताव, प्राणत्व में, उदान में जो भी विचार होते है उसी के साथ में यह मानव ारीर की संज्ञा प्राप्त करता है। अथवा अन्य योनियाँ प्राप्त होती हैं। इसलिए वेद का ऋषि-एक वेद का मन्त्रा कहता है ''अन्ताम् ब्रह्मो व ते देवा अस्वाः औति वसन्डम् मानवाति औति रूद्रो प्राणाः'' **वेद का ऋषि कहता है** कि हे मानव! जिस समय तू अपने ारीर को त्यागने लगे उससे पूर्व ही मानव तेरा अभ्यास ऐसा होना चाहिए। यदि स्वर्ग की कामना का तेरा अभ्यास होगा तो स्वर्ग में जाएगा यदि देवत्व का तेरा विचार होगा तू देवताओं के पास होगा। मेरे प्यारे! यदि मोक्ष का विचार बनेगा तो मोक्ष होगा।

यह दा ार्निक सभा में विचार-विनिमय होता रहा। आगे वेद का ऋषि कहता है कि ये पाँचों प्राण हैं, इन पाँचों प्राण के द्वारा मानव ारीर में

गति करते रहते हैं। आज मैं सूक्ष्म ारीर की चर्चा करने नहीं आया। विचार-विनिमय केवल यह है कि जहाँ जैसा इस मानव का विचार है जिस विचार से उदान प्राण चित्ता को ले करके आत्मा को ारीरों को धारण करता है उस तारतम्य ारीरों को त्यागता रहता है। वेद का ऋषि कहता है ''ब्रह्मवेत्ताा हिरण्यम् रूद्रो सुप्रजाः मन चक्रति रूद्रो वेदाः'' **मन की प्रव त्ति के आध ार पर इस मानव की प्रतिभा, मानव को देवत्व प्राप्त हो जाता है।**

आज वेद का ऋषि कहता है, आचार्य कह रहा है ये जो मानव ारीर में पाँचो प्राण हैं जब मन इनको कार्य प्रदान कर देता है उसके प चात् (१) नाग, (२) देवदत्ता, (३) धन जय, (४) कूर्म और (५) औकल। **ये पाँच प्राण सूक्ष्म प्राण होते हैं** अपना कार्य प्रारम्भ कर देते हैं। जिसको हम **नाग प्राण** कहते हैं। (१) नाग प्राण वह होता है जब मानव को कामना आती है, क्रोध की उत्पत्ति आती है, अति काम आता है उस समय वह जो नाग प्राण है वह ऊ र्व मुख हो जाता है और मानव का जैसे अम त होता है वह नाग प्राण अपने में ाारण करने लगता है, उसका हनन कर लेता है इसीलिए वेद के ऋषियो ने यह कहा है कि हे मानव ! तू क्रोध ा न कर, हे मानव तू अपने जीवन को अति कामनाओं के क्षेत्रा में न ले जा अन्यथा यह जो नाग प्राण है यह तेरे सुऔत को हनन करता हुआ अपने में धारण करता हुआ अम त को निगलता हुआ विष को देता रहता है। वही विष इस मानव ारीर में नाना प्रकार के रोगों अथवा नाना प्रकार की भयँकर दैविक विपदाओं में उत्पन्न हो करके मानव को नाना प्रकार की आपत्तियाँ, नाना प्रकार के कष्ट धारण करने पड़ते हैं।

आगे (२) **देवदत्ता प्राण** क्या करता है कि जितना भी सौन्दर्य है उसको अपने में धारण करता है, अपनें में समाहित कर लेता है और समाहित करके उसको चित्ता में प्रदान कर देता है। उसमें एक प्रसारण ाक्ति, उसमें एक रूप ाक्ति कहलाई जाती है।

(३) **धन जय** क्या करता है? यदि नाग अपना कार्य किसी कारण से त्याग देता है तो धन जय अपना कार्य प्रारम्भ कर देता।

(४) **कूर्म** वह कहलाता है जिससे ब्रह्मवेत्ताा की उत्पत्ति होती है, ब्रह्म में वह रमण करने लगता है। इसी प्रकारा देवदत्ता, धन जय, कूर्म और

औकल मानो ब्रह्मे मानो वह उद् बुध अग्नि को उत्पन्न करके वह ॅु-लोकों में ले जाता है। मानव को स्थूल बनाना, सूक्ष्म बनाना यह (४) कूर्म और (५) औकल दोनों प्राणों का कार्य है। **यदि हम उदान प्राण से कूर्म और औकल प्राण का मिलाप करना जानते हैं तो सूक्ष्म ारीर बन जाता है,** जितना सँकुचित अपने ारीर को हम बना लेते हैं। जैसा बेटा! तुमने स्मरण किया होगा कि त्रोता के काल में महाराजा हनुमान इस क्रिया को जानते थे। वह सुरसा के मुख में मुखारबिन्दु में परणित हो गए, अपने ारीर को इतना आँकुचन बना लिया। क्योंकि प्रऔति की पाँच प्रकार की गति मानी जाती। मानो (१) आँकुचन (२) प्रसारण (३) ऊर्ध्व {उत्क्षेपणम् } और (४) ध्रुवा {अवक्षेपणम् } और (५) गमनम् पाँच प्रकार की गति प्रऔति की है। इन पाँचों प्रकार की गतियों को जानने वाला योगे वर बेटा! अपने को स्थूल रूपों में ला सकता है और सूक्ष्म में आँकुचन के द्वारा बना सकता है। इसी प्रकार योगीजन इस महान् विज्ञान को जानते हैं। इस प्राण की क्रियाओं को जानते हैं। इसीलिये प्रत्येक मानव को प्राणायाम करना चाहिए। जो प्राणायाम करता है उस मानव का जीवन सुन्दर बनता रहता है।

प्राणायाम करने की क्रियाएँ

एक समय मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने यह वर्णन कराया कि तुम प्राणायाम करो। आसन तुम्हारा सुन्दर है। आसन पर विराजमान हो करके प्राणायाम करने की क्रियाएँ उन्होंने प्रकट कीं। उन क्रियाओं में जब अनुरत (लीन) हो गए तो कुम्भक जो प्राणायाम करते थे ऐसा प्रतीत होता था जैसे अन्तरिक्ष में रमण कर रहे हों। अन्तरिक्ष में हमारी सारे ारीर की गति उत्थान कर रही है। इसी प्रकार प्राणायाम करने से मानव के जीवन में एक महत्ताा आती है और मानव के चित्ता में जो सँस्कार होते हैं वे सँस्कार ऐसे जैसे मानो अन्न को हम अग्नि में तपा देते हैं उनमें उपज आदि नहीं रहती। इसी प्रकार जो रेचक कुम्भक प्राणायाम करता है, नाग, कूर्म और औकल को मिलान करके प्राणों से मिलान करता है। मेरे प्यारे ! यह जो विचित्रा अग्नि है 'प्राणा प्रभे' अणु जो अग्नि है उसमें मानव के सँस्कार निर्वीय हो जाते हैं, वह मानव का आवागमन वायु में से होने लगता है।

मेरे पुत्रों ! आज मैं वि ोष चर्चा प्रकट करने नहीं आया हूँ, विचार

तुम्हें यह देने आया हूँ कि आज हमें प्राणत्व को विचारना चाहिए। यह प्राण क्या है? हमारे यहाँ कुछ क्रियाएँ ऐसी मानी जाती हैं। हमारे यहाँ चिकित्सा भी प्राणों के द्वारा होती है। **तीन प्रकार की चिकित्सा होती है**-एक औषधि ा के द्वारा, एक जल के द्वारा और एक प्राणों के द्वारा। ये तीन प्रकार की चिकित्सा हमारे यहाँ परम्परा से मानी जाती हैं। जितनी चिकित्सा हैं वह सब प्राण के अन्तर्गत आती हैं। क्योंकि औषधियों में प्राण ाक्ति है। इसलिये वह जो चिकित्सा है वह प्राण के द्वारा ही मानो उद् बुध होती है, इसको प्राण में ही उद् बुध किया जाता है। जो प्राण को जानता है उन्हें यह जो जल की और औषध की प्रतिक्रिया है वे ाान्त हो जाती हैं।

अब मेरे प्यारे पुत्रों ! मैं विचार देता हुआ दूर न चला जाऊँ। **विचार-विनिमय यह कि हम प्राण को अच्छी प्रकार जानने वाले बनें।** दा ानिकों ने यह विचारा कि हमारे यहाँ मानव कितना व्यापक बन गया। व्यापकता आ गई (१) नाग, (२) देवदत्ता, (३) ान जय, (४) कूर्म और (५) औकल आदि प्राणों की उत्पत्तिा हो गई। (१) प्राण, (२) अपान, (३) उदान, (४) समान और (५) व्यान हो गए। ये दस प्राण बन गए। दस प्राण बनने के प चात् बेटा ! मन की प्राप्ति हो गई। मन ने इन पाँचों प्राणों से मानव का यह ब्राह्य-जगत बन गया। इन्द्रियों के रूप में प्रकट हो गए। इन्द्रियों का कार्य मानों स्वतः प्रारम्भ हो गया। इन्द्रियों का अपना-अपना विषय प्रारम्भ हो गया। प्रत्येक देवता भी इन्द्रिय में विलीन हो गए। ये इन्द्रियाँ अपना कार्य करने लगीं। चक्षु सूर्य बनकर रहने लगा, घ्राण प थ्वी बन करके रहने लगी, रसना चन्द्रमा बनकर रहने लगा एवं रस बन करके, इसी प्रकार मानव स्वरूप बन करके रहने लगा, त्वचा वायु बन करके रहने लगी। इसी प्रकार प्रत्येक इन्द्रिय अपने-अपने कार्य में रत्ता होने लगी। उनका अपना एक देवता हो गया। उसी देवता में देवतत्व को प्राप्त होने लगे। **यह आन्तरिक-जगत बन गया।** आन्तरिक-जगत् से बाह्य-जगत बन गया। जब बाह्य जगत में इन्द्रियों को अपना कार्य परणित कर दिया, मन को प्राप्त कर दिया मानो मन के द्वारा इन्द्रियाँ अपना कार्य प्रारम्भ करने लगीं मानो प्राण का उपभोग हो गया क्योंकि प्राण का विभाजन हो गया।

त ष्णा

मेरे पुत्रों ! मानव के द्वारा अति कामना जब उत्पन्न होने लगी, अति द्रव्य की कामना आ गई और नाना प्रकार के देखो अवरो। आ गए। तो उसके प चात् मानव के द्वारा एक आँधि उत्पन्न हो गई। इसका नाम त ष्णा माना जाता है और त ष्णा की उत्पत्ति होते ही दो भाग उत्पन्न हुए। मान और अपमान के। मेरे प्यारे ! मान आता है तो वह भी म त्यु का कार्य करता है। अपमान आने लगता है तो वह भी म त्यु का कार्य है। अब मानव म त्यु के मुखार्बिन्दु में परणित हो गया। म त्यु ही म त्यु द ष्टिपात होने लगी। आज्ञा के अनुसार कार्य होता है तो अभिमान की उत्पत्ति हो जाती है। आज्ञा के अनुसार नहीं होता तो निरा ा म त्यु का जन्म हो जाता है। मेरे प्यारे ! वही म त्यु है जो मानव को सदैव दुःखित करती रहती है। उसी के ग ह में रमण करता रहता है कि मेरी म त्यु न हो जाए, अमुक स्थान पर चला जाऊँ तो मेरी म त्यु न हो जाए। म त्यु के बिन्दु में रमण करता रहता है।

मेरे प्यारे ! देखो मान-अपमान उत्पन्न हो गए, अभिमान की उत्पत्ति हो गई, निरा ा की उत्पत्ति हो गई, **अति कामना उत्पन्न होने का नाम त ष्णा कहलाता है।** अब ऋषि-मुनियों ने इसका बाह्य जगत् बना दिया। बाह्य जगत् में जहाँ भी द ष्टि जाती है मानव की वहीं अग्नि परीक्षा हो रही है। मेरी पुत्री द ष्टिपात आती है, पुत्रा द ष्टिपात आता है, उनकी इच्छा की पूर्ति करने में मानव लगा रहता है। तो मेरे प्यारे ! अन्तिम परिणाम को विचारता है। ान्ति से तो उसका अन्तिम परिणाम कुछ द ष्टिपात नहीं आता। उसके प चात् मानव विचारता है अरे ! मुझे तो आत्म-कल्याण भी करना चाहिये। सँसार में, मेरा आत्म कल्याण कैसे होगा? तो मेरे पुत्रों ! कहा जाता है, वेद के दा निक आचार्य कहते हैं कि ऋषियों ने विचारा कि सँसार को सँकुचित बनाओ। सबसे प्रथम ऋषियों ने यह विचारा कि त ष्णा को तुम व ाभूत करो। त ष्णा को जब अपने व ाभूत किया गया-अति कामनाओं का नाम ही त ष्णा माना जाता है। वैदिक आचार्यों ने इस त ष्णा को रक्त बीज कहा है। क्योंकि एक **रक्त बीज** से एक त ष्णा उत्पन्न हुई। एक पूर्ण होती है द्वितीय उत्पन्न है, द्वितीय पूर्ण हुई त तीय उत्पन्न हो जाती है। यह कामनाओं का क्षेत्रा बन जाता है। त ष्णा बलवती होती रहती है, वह इतनी स्थल को ग्रहण करने लगती है कि अन्त में मानव

मौन हो जाता है और यह कहता है कि कहाँ जाऊँ?

मोक्ष का मार्ग

मुनिवरो ! उसके प चात् दा निकों ने विचारा कि हमें मोक्ष को जाना है। यह सब इस ारीर का बाह्य-जगत् बना दिया। मानव का बाह्य-जगत् बन गया। अब वह इस सँसार को विचारता है और अब अपने जीवन को सँकुचित बनाता है। सबसे प्रथम वह कामना के क्षेत्रा में जाता है। रक्त बीज को विजय करता है। रक्त बीज को कैसे विजय करता है? वह गायत्री छन्दों का आश्रय लेता है। वह प्राणत्व का आश्रय ले करके सबसे प्रथम त ष्णा को विजय करता है। त ष्णा कैसे विजय की जाती है? **सबसे प्रथम मानव में ध्यान की धरणा होनी चाहिये।** धारणा में क्या किया जाता? वह ार्म है। **धर्म को हम धरणा कहते हैं।** धर्म क्या है? मौलिक जो रूप है उसको धारण करके धर्म ध्वनि को अपनाता है। धर्म-ध्वनि को अपना करके मनस्ताव को प्राण के द्वारा मिलान करने का प्रयास करता है। जब वह मन और प्राण के द्वारा त ष्णा को विजय करता है तो उसके प चात् जो इन्द्रियों का विषय है, इन्द्रियों के जो देवता हैं उन देवताओं को एक सूत्रा में लाने का प्रयास करता है। जैसे चक्षुओं का देवता सूर्य है और घ्राण का देवता प थ्वी है इस रसना का देवता जल है और चन्द्रमा दो रस माने जाते हैं, देवता माने जाते हैं। इसी प्रकार श्रोत्रों का देवता दि ा है इन दि ाओं को अपने में ारण करता है, त्वचा का देवता वायु है, उपस्थ का देवता चन्द्रमा है और हस्तों का देवता भी दि ा मानी गई है। इन सब देवताओं को जानकर और देवताओं को एकत्रित करके, उनका समाज एकत्रित करके कहता है कि अब मैं अपने कल्याण में जाना चाहता हूँ।

मेरे प्यारे पुत्रों ! इन देवताओं को धारण करके जानता हुआ इनके दूत को जानने लगता है। वायु के क्षेत्रा में जाता है तो वायु के साथ में गमन करता उड़ान उड़ने लगता है। अग्नि के द्वार पर जाता है तो अग्नि इसको समाप्त नहीं कर सकती। यदि वह चन्द्रमा के क्षेत्रा मे जाता है तो इसको विभक्त नहीं कर सकता। इसी प्रकार इन्द्रियों के विषय को जान करके देवताओं को एकाग्र करके उसको प्राण रूपी सूत्रा में पिरो देता है। (१) प्राण, (२) अपान् , (३) समान, (४) व्यान, (५) उदान, (६) नाग, (७) देवदत्ता,

(८) ान जय, (९) कूर्म और (१०) औकल इन दसों प्राणों को एक सूत्रा में लाता है। एक सूत्रा में ला करके यह आत्मा इसके ऊपर विश्राम करता है। मनस्ताव और प्राणत्व जो सँसार का विभाजन कर रहा था, जो मानव ारीर में विभक्त हो रहा था एक सूत्रा में आ करके आत्मा उनके ऊपर विश्राम करके अब मन और प्राण दोनों को एक सूत्रा में लाने के प चात् आत्मा इसमें रत्ता हो जाता है। गुणी कदापि भी प थक् नहीं होता। उसको मोक्ष कहा जाता है।

मोक्ष किसे कहते हैं? मोक्ष उसे कहते हैं जहाँ मन और प्राण का विभाजन हो गया नाना रूपों में उसको एक सूत्रा में लाना। एक ही आँगन में लाने का नाम मोक्ष कहा जाता है। आज मैं मोक्ष की उड़ान उड़ने लगा हूँ। विचार यह कि मानव का बाह्य-जगत जब लोगों में तत्वों पर विचार विनिमय प्रारम्भ करता है, इन प च महाभूतों पर गति प्रारम्भ हो जाती है तो वैज्ञानिक बन जाता है। क्योंकि यह मन अणु परमाणुओं का विभाजन होता द ष्टिपात करता है। ाब्द उच्चारण होता है वह अन्तरिक्ष में जाता है। अन्तरिक्ष में जिस मानव का ाब्द है उसका चित्रा दूसरे आँगन में गति कर रहा है। वह भी अन्तरिक्ष को जा रहा है। मानो देखो श्रोत्रों के द्वारा चित्राण हो रहा है।

आज का हमारा वैदिक ऋषि क्या कह रहा है? वेद का ऋषि कहता है कि **हे मानव! तू प्राणायाम कर और प्राण की क्रिया को जान।** क्योंकि प्राण ही सँसार में गति कर रहा है। यह प्राण ही है जो प थ्वी में नाना प्रकार की वनस्पतियों में जो भिन्न प्रकार का रसा-स्वादन हो रहा है। यह कौन है? यह प्राण का ही विभाजन होता है। मन इसको विभक्त करने वाला है। देखो एक साधारण मन कहलाता है और एक वि वभान है। वि वभान वह मन कहलाता है जिसके द्वारा सर्वत्रा ब्रह्माण्ड विभक्त होता हुआ द ष्टिपात हो रहा है। नाना प्रकार का स्वादन, जलों का विभाजन होता हुआ माता प थ्वी वसुन्धरा के गर्भ में जो नाना जलों का विभाजन हो रहा है, जल को ाक्ति ाली बनाया जा रहा है वह मन और प्राण के द्वारा बनाया जा रहा है। इस माता वसुन्धरा के गर्भ में नाना प्रकार का जो खनिज है उस खनिज में भी मन और प्राण ही गति कर रहा है। यह वि वभान मन कहलाया जाता है। **मानव के ारीर में जो गति**

कर रहा है वह साधारण मन है।

आज मैं ब्राह्य-जगत और अन्तरिक-जगत की तुलना करने लगा हूँ। बाह्य-जगत में जो क्रिया हो रही है। क्रीड़ा कर रहा है वही आन्तरिक-जगत में हो रही है। तो इसलिए आज जब हम मोक्ष को जाना चाहते हैं, परमात्मा के आँगन में जाना चाहते हैं तो इन दोनों प्रकार के जगतों को जान करके मानव परमात्मा को प्राप्त हो जाता है। वही बेटा **उषरकेतु** कहलाया जाता है। आज वि ोष व्याख्या देने नहीं आया हूँ विचार तुम्हें यह देने के लिये आया हूँ कि मानव को अपने जीवन को कितना गम्भीर बनाना है। कितना आ चर्य चकित बनाना है। समय मिलेगा, इससे पूर्व की चर्चा में पित याज्ञों की चर्चा करूँगा।

प्राणायाम का क्रम

आज का विचार हमारा क्या कह रहा है कि हम परम पिता परमात्मा की आराधना करते हुए प्रत्येक मानव को प्राणायाम करना चाहिए और कैसे करना चाहिए? पूज्यपाद गुरुओं ने जो वर्णन कराया है कि आसन पवित्रा हो, आसन कु ाा का हो। जहाँ आसन हो वहाँ सुगन्धि पवित्रा हो, आसन कु ाा का हो। जहाँ आसन हो वहाँ सुगन्धि युक्त हो। उस काल में ानैः-ानैः मानव को प्राणायाम करना चाहिए सबसे प्रथम रेचक करना चाहिए। उसके प चात् कुम्भक करना चाहिए। कुम्भक के प चात् पूरक करना चाहिए। मानो ानैः-ानैः अपने प्राण को ऊर्ध्व में ले जाना ानैः-ानैः निचली स्थली में त्यागना। ानैः-ानैः उसको अपने में यथा ाक्ति से कुम्भक कर लेना और रेचक कर लेना बाह्य त्याग करके रेचक में ाान्त हो जाना। ऐसे प्राणायाम करते हुए मानव अपने प्राण की गति को ऊ र्व बनाने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। यह अभ्यास जब प्राणी को होता है वह अन्त में भी इसी विचार को ले करके जब मानव ारीर को त्यागता है तो प्राण के द्वारा इस ारीर को त्यागा जाता है तो मानव देव लोक को प्राप्त होता है। उसकी आत्मा देव लोक को प्राप्त होती है।

यह विषय इतने गम्भीर हैं इसको जानने के लिए मानव को

तप की आव यकता है। ब्रह्मचरि यामि। कल में इसके सम्बन्ा में वि ोष चर्चाएँ प्रकट करूँगा। आज का विचार-विनिमय क्या कि दा र्निक समाज में यह विचार हो रहा था कि हम मोक्ष को जानना चाहते हैं। मोक्ष की व्याख्या चाहते हैं। तो ऋषियों ने यह कहा है कि मोक्ष मन और प्राण को एक सूत्रा में लाना। इसको बाह्य से जानते-जानते व्यापक रूप बनाते हुए आँकुचन करने का नाम मोक्ष कहलाया जाता है। आत्मा जब उनके ऊपर विश्राम करके जब गमन करता है तो वह मोक्ष की व त्तियों को प्राप्त कर लेता है। इसीलिये वेद का ऋषि कहता है **''अन्तमथे सो मथा।''** कि अन्त में हमारा विचार मन्थनमय होगा वही तुम्हें प्राप्त होगा। मन और प्राण को एक सूत्रा में लाना, आत्मा को विश्राम करना।

आगे ऋषि वि ोष केतुक ऋषि ने कहा कि जब मन और प्राण और आत्मा ये तीनों संगठित हो जाते हैं तो उसके प चात् क्या गति बनती है। इसमें वि ोष केतु ने यह कहा कि मेरे विचार में तो ऐसा आता है कि **जिस समय मन और प्राण एक सूत्रा में आ जाते हैं तो उस अनुभव को मानव वर्णन करने में असमर्थ रहता है। उसका वर्णन नहीं किया जाता।** क्योंकि वह परमात्मा में अव्याहत गति से रमण करता है। उस अनुभव का वर्णन करना असमर्थ है। क्योंकि वाणी का विषय, इन्द्रियों का विषय वहाँ तक रहता है जहाँ तक एक दूसरे का मिलान नहीं होता और जब मिलान हो जाता है तो उस अनुभव को इन्द्रिय वर्णन नहीं कर सकती। इसमें नेति-नेति का प्रतिपादन किया जाता है।

यह है आज का वाक्य। अब मुझे समय मिलेगा तो ोष चर्चाएँ मैं कल प्रकट करूँगा। आज का यह वाक्य समाप्त अब वेद का पाठ होगा इसके प चात् वार्ता समाप्त हो जाएगी।

दिनांक : २ मई १९७६
समय : प्रातः ७ बजे।
स्थान : निर्मल वेदान्त सम्मेलन,
अम तसर

।। ओ३म् ।।

मृत्यु और जीवन

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेदमन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस महामना परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाते रहते हैं। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा अनन्तमयी हैं और उसका ज्ञान और विज्ञान भी अनन्तमयी माना गया है। इसीलिए हमारा वेदमन्त्र उस परमपिता परमात्मा को अनन्तवान् कहता है और जितना भी यह जड़ जगत् अथवा चैतन्य जगत् हमें दृष्टिपात आ रहा है उस सर्वत्र ब्रह्माण्ड के मूल में प्रायः वह परमपिता परमात्मा दृष्टिपात आते रहते हैं। जो उस परमपिता परमात्मा को मानो अन्तर्हृदय से उसको निहारता रहता है उसको वह प्रायः दृष्टिपात आते रहते हैं। तो वह परमपिता परमात्मा जो जड़ और चेतना में अपने क्रियाकलापों में सदैव रत्त रहता है हम उस परमपिता परमात्मा की महिमा को सदैव जानने का प्रयास करें। क्योंकि हमारे यहाँ प्रत्येक वेदमन्त्र उस परमपिता परमात्मा की गाथा गा रहा है जिस प्रकार माता का पुत्र माता की गाथा गा रहा है। जिस प्रकार यह पृथ्वी इस ब्रह्माण्ड की गाथा गा रही है इसी प्रकार प्रत्येक वेदमन्त्र उस परमपिता परमात्मा का यशोगान गा रहा है अथवा उसकी गाथा गा रहा है और उसका यह वर्णन करता है कि परमपिता परमात्मा है। मानो योगेश्वर अपने में निश्चयात्मक उस परमपिता परमात्मा को प्रायः अपने में धारण करते रहते हैं।

ब्रह्मवर्चस का गान

आओ मुनिवरो! यह आज का हमारा वेदमन्त्रः जहाँ परमपिता

परमात्मा की महिमा का यशोगान गान गा रहा है अथवा उसके गुणों का वर्णन कर रहा है जिस प्रकार माता का निर्णय देने वाला उसका पुत्र है। इसी प्रकार ब्रह्माण्ड की जब गाथा गाई जाती है तो उसके मूल में पृथ्वी रहती है क्योंकि जब से संसार की रचना हुई है, नाना प्रकार के वैज्ञानिक हुए हैं परन्तु उन वैज्ञानिकों ने परमाणुओं के ऊपर अन्वेषण किया और जब वह परमाणुवाद में क्योंकि वह पृथ्वी के गर्भ में ही जाना जाता है और पृथ्वी के गर्भ को जानता हुआ मानव विज्ञान के वाङ्मय में प्रवेश हो जाता है। तो इसीलिए उस परमपिता परमात्मा का जो ब्रह्माण्ड है उसका यशोगान गाने वाली यह पृथ्वी है। इसी प्रकार प्रत्येक वेदमन्त्रः अपने में जब गान गाता रहता है, अपने में जब यशोगान गाता है और गान गाता हुआ कहता है ब्रह्मणं ब्रह्मा वर्चस्सुतम् ब्रह्म लोकाम्ः मेरे प्यारे! वह ब्रह्मवर्चोसी है और ब्रह्म वर्चस कहलाया गया है। जब जिज्ञासु अपने में जिज्ञासा करता है तो परमात्मा का निश्चयात्मक उसका विश्वास करता है और विश्वास से ही मुनिवरो! देखो परमात्मा को निश्चय स्वीकार करता रहता है। तो वह परमात्मा का यशोगान गान गाने वाला प्रत्येक वेदमन्त्र बेटा! अपने में गान गाता रहता है।

आओ बेटा! मैं तुम्हें विशेष चर्चा प्रगट करने नहीं आया हूँ केवल तुम्हें परिचय देने के लिए आया हूँ और वह परिचय क्या है कि हम परमपिता परमात्मा की महिमा का गान गाते रहें और ब्रह्मज्ञान में मानो अपने को ले जाते ब्रह्मवेत्ता बनाने के लिए सदैव तत्पर रहें। तो मेरे प्यारे! मुझे वह काल स्मरण आता रहता है जब ऋषि-मुनि अपनी-अपनी एकन्त स्थलियों पर विद्यमान हो करके नाना प्रकार का विचार-विनिमय करते रहे हैं। नाना प्रकार का जो विचार है वह अपने में बड़ा भव्यतव में माना गया है क्योंकि ब्रह्मज्ञान का बखान करने वाला ब्रह्म की जिज्ञासा में सदैव निहित रहता है।

यम

बेटा! आज का हमारा वेदमन्त्रः यह कह रहा है अमृतम् मृयं यमा स्वञ्जनम् देवत्वम् लोकाः क्या वह परमपिता परमात्मा को यम कहते हैं और यम उसे कहा जाता है जो मृत्यु से परे होता है। मेरे प्यारे! देखो वह

परमपिता परमात्मा मृत्युञ्जम् ब्रह्मणां लोकाम् वसुतरम् तो बेटा! देखो लोकप्रियता में भी वास्तव में यम कहते हैं जो मृत्यु को विजय कर लेता है। मैंने बेटा! तुम्हें कई कालों में वर्णन करते हुए कहा है क्या आत्मा परमात्मा का ध्यानावस्थित हो करके मानों मृत्युञ्जय बन जाता है, मृत्यु को अपने से दूरी कर देता है।

महर्षि जमदग्नि आश्रम में मृत्यु पर चिन्तन

आओ बेटा! मैं आज तुम्हें एक सभा में ले जाना चाहता हूँ जिन वाक्यों को मैंने पुरातन कालों में तुम्हें वर्णन करते हुए कहा है। आज भी मुझे वह वाक् स्मरण आते रहते हैं। मेरे प्यारे! मुझे वह काल स्मरण है जब महात्मा जमदग्नि के यहाँ एक सभा हुई और उस सभा में मुनिवरों! महर्षि प्रह्वाण, महर्षि शिलभ, महर्षि दालम्य, महर्षि रेवक और वैशम्पायन और महर्षि विभाण्डक, देवर्षि नारद, ब्रह्मचारी सुकेता, ब्रह्मचारी कवन्धि, ब्रह्मचारी रोहणीकेतु और मुनिवरों! देखो उनके मध्य में महर्षि पिप्पलाद, चाक्राणी गार्गी और भी नाना ऋषि-मुनियों का बेटा! एक समूह विद्यमान था! तो वहाँ मुनिवरो! देखो महात्मा जमदग्नि और पारेत्वरं ऋषि महाराज दोनों एक वेदमन्त्र के ऊपर अध्ययन कर रहे थे और वह अध्ययन था मृत्युञ्जयम् ब्रह्मा मृत्यु वर्णम् ब्रव्हे लोकाम् क्या वह पिप्पलाम् ब्रहे बेटा! देखो वह अपने में अध्ययन करते हुए महात्मा जमदग्नि ने यह कहा क्या यह मृत्यु क्या है जिसके ऊपर मानव सदैव व्याकुल रहता है। मेरे प्यारी माताएँ मानों देखो पुत्र के विच्छेद होने से कितनी व्याकुलता होती हैं। मानव अपने में व्याकुल होता रहता है यह है क्या? तो महर्षि पिप्पलाद मुनि महाराज अमृतम् ब्रह्मा देखो सभा में विद्यमान थे परन्तु उससे पूर्व काल में महात्मा जमदग्नि और पारेत्वर ऋषि महाराज ने अपने में विचारा कि ब्रह्मवेत्ताओं का एक समूह एकत्रित हो। तो वह समूह इसलिए एकत्रित हुआ क्या हम मृत्यु के ऊपर कुछ विचार-विनिमय करेंगे।

मेरे प्यारे! देखो यहाँ ऋषि मुनि अपने में जब एकत्रित हो गये तो महात्मा जमदग्नि ने बेटा! एक वेदमन्त्र का उद्गीत गाया और वेदमन्त्र था मृत्युञ्जम् ब्रह्मा लोकाम् वसु देवत्वाम् ब्रह्मे वाचन्नमम् ब्रह्मा मृत्यु मेरे प्यारे! देखो उन्होंने कहा कि वेदमन्त्र कहता है कि यह मृत्यु क्या है? जिस मृत्यु

के ऊपर मानव परम्परागतों से बेटा! अपना अन्वेषण करता चला आया है और जिस मृत्यु के ऊपर नाना दार्शनिक विद्यमान हो करके अपने दर्शनों की प्रायः मीमांसा करते रहे हैं। जहाँ बेटा! देखो यहाँ अमृतम् नाना ऋर्षि-मुनि अपने में मीमांसक बन करके और यहाँ महात्मा दधीचि जैसे ऋषि-मुनियों ने मृत्यु के ऊपर अन्वेषण किया और गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज ने भी तप किया इसी सम्बन्ध में।

चाक्राणी गार्गी का विचार

मेरे प्यारे! देखो इस सभा में उन्होंने वेदमन्त्र का उद्गीत गाया तो सभा में मुनिवरो! एक दूसरा एक दूसरे को दृष्टिपात करने लगा। परन्तु इतने में चाक्राणी गार्गी उपस्थित हुई और चाक्राणी गार्गी ने कहा हे ब्रह्मवेताओं यदि तुम्हारी आज्ञा हो तो मैं ऋषि के प्रश्नों का उत्तर दूँ? तो उन्होंने कहा बहुत प्रिय, प्रारम्भ हो। तो बेटा! उनके विचार प्रारम्भ होने लगे। तो महात्मा जमदग्नि अवृति ऋषि मुनियों की सभा में बेटा! चाक्राणी गार्गी ने यह कहा क्या शरीर का और आत्मा का, दोनों का विच्छेद हो जाना ही, पृथक-पृथक हो जाना ही मानो यह मृत्यु मानी जाती है और यह अपने में अपने-अपने अव्ययों को प्राप्त होते रहे हैं।

महात्मा कवन्धि की जिज्ञासा

मेरे पुत्रो! देखो जब इस प्रकार का विचार विनिमय होने लगा तो देखो महात्मा कवन्धि ने कहा क्या हे माते यह वाक् हमने स्वीकार कर लिया है परन्तु शरीर और आत्मा के विच्छेद का नाम मृत्यु नहीं कहा जाएगा, यह मृत्यु नहीं बनता क्योंकि जिस वस्तु का निर्माण हुआ है उस वस्तु का विच्छेद होना बहुत अभिवार्य है। मानो दोनों का पृथक्-पृथक हो जाना, उनका अपना अस्तित्व समाप्त नहीं हुआ। मेरे प्यारे! देखो जब महात्मा ने यह वाक् कहा तो माता चाक्राणी गार्गी शान्त हो गई और यह कहा कि मेरे विचार में तो ऐसा ही आता है। मेरे आचार्यों ने मुझे इसी प्रकार की दीक्षित बनाया है। मैं आगे इसका विचार-विनिमय अवश्य कर पाऊँगी।

महर्षि पिप्पलाद मुनि महाराज का निर्णय

मेरे पुत्रो! देखो इतने में महर्षि पिप्पलाद मुनि उपस्थित हुए और

पिप्पलाद मुनि ने कहा कि अवऽाम् भूतम ब्रह्मा लोकाम् वचुसतम्। वेद का मन्त्र उच्चारण करके बोले ऋषिवर क्या मैं मृत्यु का अभाव स्वीकार करता हूँ, मृत्यु अपने में कोई वस्तु नहीं होती। मेरे पुत्रो! देखो जब यह वाक् आया तो ऋषि मुनि अपने में शान्त हो गये। मेरे पुत्रो! उन्होंने कहा तो देवर्षि नारद मुनि ने इस प्रकार उनका समर्थन किया और महात्मा पारेत्वर ऋषि महाराज ने कहा वाक् यथार्थ है क्या मृत्यु अपने में कोई मृत्यु नहीं होती। क्योंकि मृत्यु नाम अन्धकार का है और मानो देखो अन्धकार ही अन्धकार को हम शरीराम् भूतम् ब्रह्मा वह अज्ञान है और अज्ञान का नाम मृत्यु माना गया है इसलिए अज्ञान नहीं होना चाहिए। मेरे प्यारे! देखो इस प्रकार का जब विचार-विनिमय होने लगा तो मुनिवरो! देखो वह सायँकाल का समय हो गया, सँध्याकाल हो गया। सँध्याकाल को ऋषि-मुनि अपने-अपने कक्षों में जा पहुँचे।

महर्षि पिप्पलाद मुनि शकुन्तका सम्वाद

महर्षि पिप्पलाद मुनि को बहुत समय हो गया था अपने आश्रम को त्यागे हुए। उनका निकटतम आश्रम था महात्मा जमदग्नि के। तो बेटा! वहाँ से उन्होंने गमन किया, रात्रि काल में अपने गृह में पहुँचे। उनकी पत्नी शकुन्तका दृष्टिपात करते ही बड़ी व्याकुल होने लगी। पिप्पलाद मुनि बोले देवी तुम व्याकुल क्यों हो रही हो? उन्होंने कहा पुत्राम् मृत्युम् भू समभवप्रहे हे प्रभु मेरा एक पुत्र था वह मृत्यु को प्राप्त हो गया। सप्तम् ब्रह्मा, देखो सात वर्ष का ब्रह्मचारी मेरे से दूरी हो गया है और वह मृत्यु को प्राप्त हो गया। महर्षि पिप्पलाद मुनि बोले देवी मैं ब्रह्मवेत्ताओं के समाज में से मेरा आगमन हो रहा है और मैं अपने में निर्णय कर चुका हूँ कि मृत्युम् भावाम् प्रमहे अभावम् ब्रह्मे यह मृत्यु तो अभाव में है यह अभाव है मृत्यु का क्योंकि मृत्यु अपने में कोई मृत्यु नहीं होती।

पुत्र कहाँ चला गया

मेरे पुत्रो! तो उन्होंने कहा तो भगवन् मेरा पुत्र कहाँ चला गया और यह मेरा बाल्य, यह मेरा शरीर क्या है? उन्होंने कहा कि हे देवी पुत्र तो अपने संस्कारों के आधार पर किसी माता के गर्भ में प्रवेश हो गया है आत्मा अपने चित्त के संस्कारों को ले करके। परन्तु रहा यह कि मेरा

शरीर क्या है तो हे देवी यह परमाणुओं का समूह है। परमाणु एकत्रित होते हैं मानों संगठित होते हैं और उसी से तुम्हारे शरीर का निर्माण होता है। मानो देखो यह परमाणु आते रहते हैं बलवती होता रहता है मानव। जब देखो शिशु रूप में है और माता के गर्भस्थल में जरायु रूप में है वही बाल्य जगत् में आ करके शिशु रूप बन जाता है और जब शिशु रूप में आगे अग्रणीय बनता है तो परमाणुओं का मिलान होता रहता है और शरीर को स्पर्श करते रहते हैं आहार के द्वारा, व्यवहार के द्वारा तो वही बाल्य मानो देखो युवा हो जाता है। युवा हो करके वही शरीर का जिसका निर्माण हुआ है वही मानों देखो वृद्धपन को प्राप्त हो करके इस संसार से चला जाता है। तो देवी यह परमाणुओं का संघात है और परमाणुओं की प्रतिभा कहलाती है।

परमाणुवाद कहाँ रहता है

मेरे पुत्रो! देखो जब उन्होंने ऐसा कहा तो पिप्पलाद मुनि की देवी ने कहा हे प्रभु चलो मैंने यह आपका वाक् स्वीकार कर लिया परन्तु मैं जानना चाहती हूँ जब यह मेरा शरीर इस रूप में नहीं था तो यह परमाणुवाद कहाँ रहता था? उन्होंने कहा जब तुम्हारा शरीर इस रूप में नहीं था तो यह परमाणुवाद माता के गर्भस्थल में मानों तुम्हारे शरीर का निर्माण कर रहे थे, वह निर्माण में प्रवेश हो रहा था। निर्माणवेत्ता निर्माण करता रहता है। मानव के शरीर का जब निर्माण होता है तो निर्माणवेत्ता वह जो चैतन्यदेव है जो निर्माण करने वाला है वह निर्माण करता रहता है। माता के गर्भस्थल में निर्माण हो रहा है परन्तु मेरी भोली माँ उस निर्माणवेत्ता से वंचित रहती है जो परमपिता परमात्मा सर्वज्ञ है और निर्माणवेत्ता है। परन्तु माता अपनम् ब्रह्मे जब उससे वंचित रहती है तो निर्माणवेत्ता, जब निर्माणवेत्ता ने इस मानव शरीर का निर्माण किया तो बेटा! बहत्तर करोड़ बहत्तर लाख दस हजार दो सौ दो नाड़ियों का निर्माण किया। मेरे प्यारे! देखो कहीं बुद्धि का निर्माण हो रहा है। बुद्धि भी मानो चतुष प्रकार की कहलाई जाती है जैसे बुद्धि, मेधा, ऋतम्भरा और प्रज्ञावी कहलाती है। मेरे पुत्रो! देखो इसी प्रकार हृदय भी दो प्रकार के हैं—एक अनुष्ठान और स्थली मानो देखो जो हृदय मानो जो शरीर के मध्य में है

